दिनांक : 25-07-2027 गुजरात वैभव

# अहमदाबाद और गांधीनगर सेक्टर-1/गिफ्ट सिटी के बीच कल अमुक घंटों के लिए बंद रहेगी मेट्रो ट्रेन सेवाएं

## अहमदाबाद में ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहेंगी

**गांधीनगर ।** अहमदाबाद और गांधीनगर (सेक्टर-1/गिफ्ट सिटी) के बीच मेट्रो ट्रेन सेवाएं सुबह 08:00 बजे से शाम 08:14 बजे तक चलती हैं। मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) 19 अप्रैल को सुबह 08:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक गांधीनगर मार्ग (मोटेरा स्टेडियम से सचिवालय/गिफ्ट सिटी) का निरीक्षण करेंगे। जिसके कारण मोटेरा स्टेडियम और सेक्टर-1/गिफ्ट सिटी के बीच मेट्रो ट्रेन सेवाएं उस अवधि के लिए निलंबित रहेंगी। इसके बाद अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच सभी ट्रेनें मौजूदा समय-सारिणी के अनुसार चलेंगी। 19 अप्रैल को सेक्टर-1 से मोटेरा स्टेडियम के लिए पहली ट्रेन का प्रस्थान समय 12:58 बजे होगा और मोटेरा स्टेडियम से सेक्टर-1 के लिए 13:12 बजे होगा। अहमदाबाद में ट्रेन सेवाएं (वस्त्राल गांव से थलतेज गांव और एपीएमसी से मोटेरा स्टेडियम) सामान्य रूप से चलती रहेंगी।